

## मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम कार्यशाला का आयोजन



**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ई-लर्निंग सेंटर में कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हे। प्राचार्या डॉ वीणा सत्य के निर्देशन में हो रही कार्यशाला के 5वें दिन परम इंफो कंपनी के निदेशक अजितसिंह मण्डलोई मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाईन उपस्थित हुए और विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यशाला का संचालन डॉ आदित्य शुक्ला ने किया एवं अतिथि परिचय प्रो अमित कुशवाह ने दिया। वहीं आभार डॉ एमएस मोरे ने माना। कार्यशाला में पुष्पा चौहान, डॉ रविंद्र बरडे, प्रो रेवलसिंह खरत, डॉ श्याम नाईक, डॉ अर्पिता पटेल, डॉ कानु बड़ोले, निदेश नरगांवे, अंशुल पंडित, आशाराम चौहान सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विश्व दिव्यांग दिवस मनाया




**पानसेमल।** संस्था कार्यालय पर सोमवार को जन विकास समिति वराणसी द्वारा संचालित एवं सहयोगी संस्था संत ऑगस्टीन सोशल सर्विस सोसाइटी के माध्यम से विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था डायरेक्टर सिस्टर मारिया और सिस्टर नव्या, दिलीप डुडवे, राजेंद्र बरडे, अमरसिंग आर्य सचिव, आजीविका मिशन मैनेजर शारिका बरडे मौजूद रहे। आयोजन के दौरान राजेंद्र बरडे ने संस्था का परिचय दिया तथा संचालन किया। सिस्टर मारिया ने ब्लॉक के अलग-अलग ग्रामों से आए दिव्यांग बच्चे उनके माता-पिता को विश्व दिव्यांग दिवस के बारे में जानकारी तथा दिव्यांगजनों के अधिकार के बारे में जागरूक किया। सारीका बरडे में दिव्यांगजनों को अपने जीवन में कैसे आगे बढ़े और क्या उपाय करके वे लगातार उन्नति कर सकते है। इस बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान बाद खेल प्रतियोगिताएं भी संपन्न कराई, जिसमें महिला समूह के द्वारा खेल, चले उठाने, बम इन द सिटी, चेयर रेस आदि खेल हुए महिला विजेताओं में पिंगला पटेल, कल्पना सेनानी, उषा संतोष रहे तथा पुरुष समूह में संतोष पवार, पवन वास्कले, रोहन ज्ञानसिंह रहे। सभी दिव्यांगों को इनाम वितरित किए गए। दिलीप डुडवे द्वारा पुरस्कार दिए गए।

# व्यवस्थाओं में सुधार की मांग

### पिपरानी छात्रावास के बच्चे शिकायत करने निकले पैदल, समझाईश के बाद लौटे



**पानसेमल, ( नवभारत )।** ग्राम पिपरानी के शासकीय बालक छात्रावास के करीब 48 बच्चे व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर पैदल विखं अधिकारी को शिकायत करने के लिए निकले। करीब 6 से 8 किमी चलकर पानसेमल पहुंचे, जिसके बाद नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे की समझाईश के बाद वापस छात्रावास पहुंचे। नायब तहसीलदार ने छात्रावास में जाकर बनाए गए भोजन की गुणवत्ता, पीने के पानी की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। बच्चों से वन टू वन चर्चा करने के बाद छात्रावास अधीक्षक अशोक चौहान से समस्याओं के बारे में जानकारी ली।छात्रावास परिसर में गंदगी व अव्यवस्थाओं को लेकर अप्रसन्नता जताई और अधीक्षक से कहा कि पालक हमे अपनी जिम्मेदारी से बच्चों को छात्रावास में प्रवेश कराते हैं। जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी हमारी होती हैं, लेकिन इस प्रकार कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतना ठीक नहीं है। नायब तहसीलदार और कन्या शिक्षा परिसर प्राचार्य संतोष पवार ने रसोइयन, चौकीदार व अन्य कर्मचारियों के कथन भी लिए।नरेश पटेल, पंकज पटेल, रवि सोलंकी, जगमोहन पटेल, जितेंद्र पटेल, बृहस्पति पटेल ने बताया कि बच्चे रविवार रात्रि में भी निकले थे, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें रोक दिया और बच्चों को भूख लगने पर बिस्किट दिए, बच्चों ने बताया कि उन्हें खाना देरी से मिला था इसलिए भूख लगी। ग्रामीणों ने अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों से शिकायत दर्ज की। ग्रामीणों ने बताया कि समय-समय पर अधिकारियों द्वारा छात्रावासों के निरीक्षण कर सुविधा का जायजा लेना चाहिए। छात्रावास अधिक्षक से चर्चा करने पर उन्होंने पारिवारिक कारणों का हवाला दिया, हालांकि अधिकारियों द्वारा पंचनामा बनाकर जांच में लिया है।

**जांच में लिया**

- अधिकारियों ने पंचनामा बनाकर जांच में लिया।

## शहर में की साफ-सफाई



**बड़वानी।** नगर पालिका द्वारा शहर में स्वच्छ भारत मिशन अभियान विशेष रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत एवं कलेक्टर के निर्देशन में शहर में विशेष साफ-सफाई, अभियान एवं विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 8 दिसम्बर को नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में शहर में अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत नगर पालिका के स्वच्छता सफाई मित्रों की टीम द्वारा निकाय के सीाी वार्डों में नाले और नालियों की विशेष साफ-सफाई की गई। साथ ही इस दौरान रोड़ की साफ-सफाई की गई। महिला स्वच्छता मित्रों की टीम द्वारा महेन्द्र टॉकीज से लेकर मोटी माता चौक तक मार्ग पर साफ-सफाई की गई।

# पुलिस ने चलाया ऑपरेशन पवित्र




**निवाली, ( नवभारत )।** एसपी जगदीश डावर के निर्देशन व एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी राजपुर महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रामकृष्ण लौवंशी द्वारा ऑपरेशन पवित्र संचालित किया जा रहा है।

अनावेदकों हिरा पिता रामा खरते निवासी खरते फल्या पुरुषखेड़ा, पिदा उर्फ पिकु पिता भायराम निवासी खरते फल्या पुरुषखेड़ा व रायस्या उर्फ रायसिंह पिता भायराम निवासी खरते फलया पुरुषखेड़ा के बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने 3 सितम्बर 2025 को धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत 5000 रुपए की राशि से 6 माह के लिए बॉण्ड ओवर कराया गया था, लेकिन बाउंड ओवर अवधि में ही 6 दिसम्बर 2025 को अनावेदकों ने अश्लील गालियां देकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस पर थाने में अप पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साथ ही धारा 141 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर उन्हें इस्तगासा के लिए तहसील कार्यालय निवाली में पेश किया गया।ऑपरेशन पवित्र का उद्देश्य जिल में आमजनों को आदतन अपराधियों के भय से मुक्त रखना है। ऑपरेशन पवित्र के फलस्वरूप आदतन अपराधियों द्वारा किए जाने वाले अपराधों की संख्या लगातार घट रही है, वहीं जिले में कुल अपराधों में भी कमी आई है। इससे आम जनता को आदतन बदमाशों के भय से मुक्ति मिली है और शांति व्यवस्था मजबूत हुई है।

# जागीरदारपुरा घाट पहुंचे गोविंद गिरी महाराज



**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर के समीप नर्मदा किनारे बने नर्मदा जागीरदारपुरा घाट पर परिक्रमावासियों के साथ संत महाराज का आगमन होने लगा है। श्री श्री 1008 गोविंद गिरी महाराज कामाख्या का आगमन हुआ। महाराज द्वारा वर्ष 2008 में पैदल परिक्रमा की थी। तब से लगातार नर्मदा तट पर आकर भजन पुजन हवन माताजी का दूध से अभिषेक प्रति वर्ष अनुसार कर रहे हैं। करीब 17 वर्षों से मां नर्मदा की आराधना करने आ रहे हैं। जागीरदारपुरा घाट पर विधायक राजन मंडलोई, समिति अध्यक्ष अजयसिंह ठाकुर आदि ने बाबा का स्वागत किया। रात्रि में भोजन के बाद भजन संध्या हुई। जिसमें श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का आनंद लिया। कामाख्या वाले बाबा जी से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

# 30 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल



**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 09 दिसम्बर**

विधायक कार्यालय पर सोमवार को 30 कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए हैं। कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के चाटली मंडल स्थित ग्राम पिपलधार ग्रामीण विधायक श्याम बर्डे के कार्यालय पर पहुंचे। जहां विद्यायक ने ग्रामीणों से समस्याओं को लेकर चर्चा की और दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा लगातार कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ने से संगठन को मजबूती के साथ नई ऊर्जा मिल रही हे। भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा, संगठन की मजबूत कार्यप्रणाली तथा पीएम नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाजपा परिवार में सहभागिता दर्ज की। सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है।

निश्चय ही नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन और सशक्त होगा तथा गांव, क्षेत्र और समाज के विकास के प्रयासों को नई दिशा एवं गति मिलेगी। भाजपा का यह विस्तार केवल संख्या वृद्धि नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का प्रतीक है। बीजेपी की कार्यशैली से प्रभावित होकर कार्यकर्ता पार्टी में जुड़ रहे हैं।

इस अवसर पर जनपद पंचायत निवाली उपाध्यक्ष पठान किराड़े, चाटली सरपंच मुखी किराड़े, प्रकाश जोशी, पार्षद रायसिंह सेनानी, पूर्व सरपंच राजाराम खरते, युवा नेता मोहन डावर, सदाराम खरते, रूपचंद डावर, सुमजी डावर, मंशाराम डावर, तुलसीराम खरते, ईकलसिंह खरते, आशाराम डावर, देवराम डावर, गंगाराम देवड़े सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**विधायक ने की चर्चा**

विद्यायक ने समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**एक नजर में**

## नवविवाहिता की मौत में पति, सास व ननद आरोपी



**इंदौर.** राजेंद्र नगर क्षेत्र में नवविवाहिता अलका वोकडे की जलकर मौत के मामले में करीब एक महीने बाद पुलिस ने उसके पति अजय, सास फूलवती और ननंद सीमा को आरोपी बना दिया है. अलका 8 अक्टूबर को जलने के बाद चोइथराम अस्पताल में भर्ती हुई थी और 17 नवंबर को उसकी मौत हो गई थी. एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि जांच में सामने आया कि अलका को दहेज को लेकर ताने दिए जाते थे और मानसिक प्रताड़ना होती थी. घटना के दिन वह बहन के घर देवास जाना चाहती थी, जिस पर विवाद हुआ और बाद में आग लगने की घटना हुई. ससुराल पक्ष ने शुरुआत में करंट लगने से जलने की बात बताई थी, लेकिन मायके वालों के पास मौजूद वीडियो बयान में अलका ने सास और ननंद पर गंभीर आरोप लगाए थे. इसी आधार पर तीनों को आरोपी बनाया.

## नाबालिग की मौत : सेंटर संचालक पर केस दर्ज



**इंदौर.** हीरानगर इलाके में दीपावली से एक दिन पहले कार वॉशिंग सेंटर पर काम कर रहे नाबालिग की करंट लगने से मौत हो गई थी. जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने सर्विस सेंटर संचालक के खिलाफ लापरवाही से मौत का प्रकरण दर्ज कर लिया है. हीरानगर पुलिस ने 17 वर्षीय भोला पिता लखन भूरियाले, निवासी नंदानगर की मौत के मामले में यूएस कार सर्विस सेंटर के संचालक उत्तम ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. घटना दीपावली से एक दिन पहले हुई थी, जब भोला काम के लिए सेंटर पहुंचा था. शाम के दौरान वह अचानक गिर पड़ा. साथियों ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद पुलिस ने इसे संदिग्ध मानकर जांच शुरू की थी. सेंटर में लगे सीसीटीवी फुटेज में भोला को पानी की पाइप से कार धोते समय अचानक गिरते हुए देखा गया था. प्रारंभिक जांच में मौत के कारण को लेकर शंका बनी हुई थी पुलिस को हार्ट अटैक या गिरते समय सिर में चोट लगने की आशंका थी. लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि उसकी मौत करंट लगने से हुई है. रिपोर्ट आने के बाद सेंटर संचालक पर लापरवाही का केस दर्ज किया. कर्मचारी राहुल ने बताया कि भोला उसी दिन पहली बार काम पर आया था. आवश्यकता पड़ने पर उसे बुलाया गया था. परिवार में उसका एक बड़ा भाई है, जो रानीपुरा में दुकान पर काम करता है. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि सेंटर में सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं और करंट लगने का स्रोत क्या था.

## शादी से पहले युवक हुआ लापता

**इंदौर.** सांवेर में रहने वाला 28 वर्षीय युवक महावीर सिंह चुंडावत शादी से ठीक 10 दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो. परिवार ने पुलिस को बताया कि वह 30 नवंबर की रात बैग लेकर घर से निकला था और राजस्थान जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वहां पहुंचा ही नहीं. भवानी नगर, सांवेर निवासी महावीर सिंह चुंडावत इंदौर की साईं टूल्स कंपनी में कार्यरत था. परिवार ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को उसकी शादी प्रस्तावित थी. 30 नवंबर की रात वह अचानक बैग लेकर घर से निकला और परिवार को बताया कि वह राजस्थान जा रहा है. इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया और दो दिन तक कोई संपर्क नहीं हुआ. चिंतित परिजन 2 दिसंबर को सांवेर पहुंचे और पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई. परिवार का आरोप है कि शुरुआती दो दिनों तक पुलिस की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया.

# ऑटो से टक्कर में मजदूर की मौत, एक घायल

- सुपर कॉरिडोर पर हुआ हादसा, ऑटो चालक फरार
- बाइक की सर्विस कराकर लौट रहे थे दोनों



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सुपर कॉरिडोर पर एक पैसेंजर ऑटो रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार मजदूर संजय पिता विक्रम निवासी दिलीप नगर की मौत हो गई. उसका साथी भूरा, निवासी उसी क्षेत्र का, गंभीर रूप से घायल हुआ है. दोनों मजदूर अपनी बाइक की सर्विस कराकर वापस लौट रहे थे. दिलीप नगर के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आए पैसेंजर ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से भाग निकला. दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां संजय की मौत हो गई. घायल भूरा का इलाज जारी है. पुलिस फरार ऑटो चालक की तलाश में जुटी है.

# पाकिस्तान की निकिता ने हाईकोर्ट में लगाई गुहार

- पति को भारत में रहने न दें वापस भेजा जाए
- करांची में बैठी पत्नी बोली शादी करके भारत आया
- अफेयर और दूसरी शादी की तैयारी में छोड़ दिया



**इंदौर.** करांची की रहने वाली निकिता नागदेव ने अपने पति विक्रम नागदेव को पाकिस्तान वापस भेजने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. निकिता की ओर से एडवोकेट दिनेश रावत ने याचिका दायर कर बताया कि शादी के बाद विक्रम भारत में बस गया और अब दूसरी शादी की तैयारी कर रहा है, जबकि निकिता पाकिस्तान में रहकर इंसाफ की गुहार लगा रही हैं. विक्रम नागदेव शहर में ही रह कर सियागंज में सूखे मेवे का व्यवसाय करता है. मामले की जानकारी मिलने के बाद सिंधी समाज के पंच किशोर कोडवानी ने भी परिवारिक स्तर पर समझाइश की, लेकिन विवाद सुलझ नहीं सका. कोडवानी ने प्रशासन को भी पत्र लिखा, पर कार्रवाई नहीं हुई. निकिता का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह बताती हैं कि 26 जनवरी 2020 को कराची में हिंदू रीति से शादी हुई थी. एक माह बाद विक्रम उन्हें भारत लेकर आया, लेकिन वीजा समस्या का बहाना बनाकर 9 जुलाई 2020 को अटारी बॉर्डर से वापस कराची भेज दिया. निकिता का कहना है कि इसके बाद पति ने दोबारा बुलाने की कोई कोशिश नहीं की, उल्टा दिल्ली निवासी शिवांगी ढींगरा से सगाई कर ली है और मार्च 2026 में शादी की तैयारी चल रही है. निकिता का आरोप है कि भारत आने के बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार जल्द ही बदल गया और पता चला कि विक्रम का उन्हीं के एक रिश्तेदार से अफेयर है. जब बात ससुर को बताई तो उन्होंने इसे सामान्य बताकर टाल दिया. कोरोना काल में उन्हें मजबूरी में पाकिस्तान भेज दिया और आज तक वापस नहीं बुलाया.

**प्रधानमंत्री मोदी से की अपील**

निकिता ने प्रधानमंत्री से भी अपील की है कि चूंकि विक्रम भारत में अवैध रूप से रह रहा है, इसलिए उसे पाकिस्तान भेजा जाए. इससे पहले 15 जनवरी 2025 को निकिता ने इंदौर स्थित सिंधी पंच मध्यस्थता एवं विधिक परामर्श केंद्र में वॉट्सऐप के माध्यम से शिकायत भेजी थी, लेकिन उन्हें कहा गया कि सुनवाई के लिए इंदौर आना होगा. निकिता ने कहा कि वह पाकिस्तान से ही न्याय चाहती हैं.

# कम में खरीदकर बेचता था ज्यादा दाम में



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच ने एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा है. आरोपी सस्ते में नशा खरीदकर इसे शहर में महंगे दामों पर सप्लाई करता था, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.**

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती के निर्देशों के बाद क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है. टीम ने दलाल बाग मैदान के पास संदिग्ध गतिविधि में खड़े एक युवक को पकड़ा. पुलिस को देखकर घबराए युवक को रोककर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम समीर हुसैन निवासी बड़ा गणपति बताया. जब क्राईम ब्रांच ने उसकी तलाश ली तो उसके पास से 11.90 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बताई जा रही है. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की है.

# यू-टर्न पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से व्यापारी की मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** खुड़ैल क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कंस्ट्रक्शन व्यवसाय से जुड़े 36 वर्षीय जितेंद्र राजदेव वर्मा की मौत हो गई. वे अपने दोस्त रोहित वर्मा के साथ हनुमान मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे, तभी सामने से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हुए और रात में एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान जितेंद्र ने दम तोड़ दिया, जबकि रोहित का इलाज किया जा रहा है.

दुर्घटना जामनिया रिसोर्ट, देवगुराडिया के पास हुई. जितेंद्र निवासी सांईबाबा नगर और रोहित निवासी शांतिनाथपुरी बाइक से इंदौर की ओर आ रहे थे. हादसे के बाद एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को एमवाय रेफर किया, डॉक्टरों ने बताया कि जितेंद्र को सिर व सीने में गंभीर चोटें आई थीं, वहीं परिवार के लोगों का कहना है कि जितेंद्र कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े थे. उनके परिवार में पत्नी और सात वर्षीय बेटा है.

**एक नजर में** ▸ **मामला प्रिंस यशवंत रोड क्षेत्र का**

# लोगों को सता रही व्यापार और मकान की चिंता



**इंदौर.** शहर में विकास के लिए हर तरफ सड़कों का निर्माण किया जा रहा है यहां सड़कें भविष्य के लिए सुविधाजनक तो हो सकती है लेकिन इस कार्य के लिए वर्तमान में लोगों के घर, मकान, दुकान, व्यापार की आहुति दी जा रही है.

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मार्ग निर्माण का मामला प्रिंस यशवंत रोड से सामने आया है. बताया जाता है कि सरवटे बस स्टैंड से गंगवाल बस स्टैंड तक बनने वाली सड़क का कार्य होना है. इसके लिए गंगावाल से नया पीठा मच्छी बाज़ार तक जूनी इंदौर मुक्तिधाम से हाथीपाला तक कार्य किया गया. वर्तमान में चंद्रभागा मार्ग पर कार्य चल रहा है जहां कई भवन दुकानों को हटाया गया. अब नगर निगम ने प्रिंस यशवंत रोड़ के दुकानों और मकान मालिकों को नोटिस जारी किए है, इसी के साथ यह भी कहा जा रहा है कि मार्ग अस्सी फीट चौड़ा किया जाएगा. जबकि यह मार्ग वर्तमान में साठ फीट है. वर्षों पुराने इन मकानों को हटाने के बाद कई लोग बेघर होने वाले है और जो अपना जीवन एक ही दुकान में खपा चुके है अब वह भी बेरोज़गारी की मार विराध करते हुए व्यापारी और निवासियों ने अपने रोज़गार और घरों को बचाने के लिए जगह-जगह बैनर लगाए हुए हैं. अब सवाल यह उठता है कि वर्षों पुराने मास्टर प्लान यहां निर्माण कैसे हुए? साथ ही राजस्व निभाग इनसे वसूली क्यों करते आ रहा है. वहीं यहां पर रजिस्ट्रियां भी हुई है और लोग हर तरह का कर चुका रहे हैं.

**इनका कहना है ...**



स्मार्ट सिटी के तहत सड़क चौड़ी करने की बात करते हैं. सरकार को महानगर जैसे मुंबई-दिल्ली पर भी नजर डालनी चाहिए. वहां पुराने क्षेत्रों को ध्वस्त किए बगैर नए क्षेत्र विकसित किए गए हैं.
– देवराज खन्ना, रहवासी



चौबीस घंटे कैमरे लगा कर वॉच किया जाए. यहां एक पल के लिए भी जाम नहीं लगता. चंद्रभागा से मोती तबेला से मच्छी बाज़ार मिला दिया जाए और प्रिंस यशवंत रोड़ को वन वे कर दिया जाए.
– प्रदीप पपनानी, व्यापारी



सरकार बताए क्या हम चौदह प्रकार का टैक्स नहीं भरते. पांच तरह का किराया नहीं देते. फिर भी आप एक सड़क के लिए कई व्यापारी और परिवारों को क्या भूखा मारना चाहते हैं.
– राजेश नंदवानी, व्यापारी